**24E—MHIN**

**2024**

# HINDI

## ( Modern Indian Language )

*Full Marks* : 100

*Pass Marks* : 30

*Time* : 3 hours

*The figures in the margin indicate full marks for the questions*

**Allotment of Marks**

| | | |
|---|---|---|
| Q. No. **1** carries *1* mark each | 1×5 = | 5 |
| Q. No. **2** carries *15* marks | = | 15 |
| Q. No. **3** carries *10* marks | = | 10 |
| Q. No. **4** carries *5* marks | = | 5 |
| Q. No. **5** carries *1* mark each | 1×5 = | 5 |
| Q. No. **6** carries *5* marks | = | 5 |
| Q. No. **7** carries *8* marks | = | 8 |
| Q. No. **8** carries *6* marks each | = | 6 |
| Q. No. **9** carries *3* marks each | 3×2 = | 6 |
| Q. No. **10** carries *8* marks | = | 8 |
| Q. No. **11** carries *3* marks each | 3×4 = | 12 |
| Q. No. **12** carries *2* marks each | 2×2 = | 4 |
| Q. No. **13** carries *3* marks each | 3×2 = | 6 |
| Q. No. **14** carries *5* marks | = | 5 |
| | Total = | 100 |

## खण्ड—क

**1.** निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 1×5=5

परंपरा और क्रांति में
संघर्ष चलने दो।
आग लगी है तो
सूखी टहनियों को जलने दो
मगर जो टहनियाँ
आज भी कच्ची और हरी हैं,
उन पर तो तरस खाओ।
मेरी एक बात तो तुम मान जाओ
परंपरा जब लुप्त होती है
लोगों की आस्था के आधार
टूट जाते हैं।

**प्रश्न :**

(क) कवि परंपरा और क्रांति में संघर्ष चलने देने के लिए क्यों कह रहे हैं?

(ख) 'सूखी टहनियों को जलने दो' से कवि का क्या आशय है?

(ग) कवि ने किस पर तरस खाने के लिए कहा है?

(घ) कवि के अनुसार परंपरा लुप्त होने का क्या परिणाम होता है?

(ङ) काव्यांश का एक उपयुक्त शीर्षक दीजिए।





**2.** निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 15

सही समय पर सही चुनाव न करने वाला व्यक्ति जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में बुरी तरह असफल हो जाता है। जीवन का सफल कलाकार वह है जो हर काम में सावधानीपूर्वक चुनाव करता है। चुनाव में सावधानी न बरतने वाला और बिना सोचे-समझे गलत चुनाव कर लेने वाला व्यक्ति लाख प्रयत्न करने पर भी अपने जीवन को उचित और सफल मोड़ नहीं दे पाता। जो व्यक्ति अपने खाने-पीने, खेलने-कूदने, पढ़ने-लिखने और मित्रों के साथ मनोरंजन से कार्यक्रम में चुनाव करते समय सावधानी नहीं बरतता, उसकी दशा उस पेटू जैसी हो जाती है जो अनाप-शनाप, जो भी सामने आता है, खाए जाता है और अपना स्वास्थ्य चौपट कर बैठता है। होना यह चाहिए कि हम यह सोच-समझकर तय करें कि हमें किस समय उठना है और किस समय सोना है। हमें क्या, कितना और कब खाना है तथा कब, क्या और किस तरह पहनना है। हमें किन लोगों को मित्र बनाना है और किनसे थोड़ी दूरी बनाए रखनी है।

**प्रश्न :**

(क) कैसे लोग जीवन को सफल नहीं बना पाते हैं? 2

(ख) सही चुनाव न करने वाले व्यक्ति की तुलना पेटू व्यक्ति से क्यों की गई है? 2

(ग) किस तरह का व्यक्ति अपना स्वास्थ्य चौपट कर लेता है? 2

(घ) ठीक दिनचर्या के लिए क्या-क्या सावधानियाँ आवश्यक हैं? 2

(ङ) उपर्युक्त गद्यांश का एक उपयुक्त शीर्षक दीजिए। 1

(च) निम्नलिखित शब्दों के विपरीतार्थी शब्द लिखिए : 2

जीवन ; सफल ; उचित ; मित्र।

(छ) निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखिए : 2

चुनाव ; प्रयत्न ; चौपट ; मनोरंजन।

(ज) गद्यांश में प्रयुक्त किन्हीं दो सामासिक शब्दों को चुनिए। 2

## खण्ड—ख

**3.** निम्नलिखित विषयों में से किसी एक पर निबंध लिखिए : 10

(क) संचार क्रांति और भारत
(भूमिका—प्रकार—संचार के लोकप्रिय साधन—लाभ-हानि—निष्कर्ष)

(ख) विज्ञान वरदान है या अभिशाप
(भूमिका—विज्ञान के सदुपयोग-दुरुपयोग—चुनौतियाँ—उपसंहार)

(ग) खेलकूद का जीवन में महत्त्व
(भूमिका—खेल से लाभ—खेल के प्रकार—टीम भावना—उपसंहार)

(घ) सांप्रदायिकता : एक अभिशाप
(भूमिका—सांप्रदायिकता का अर्थ और रूप—भारत और सांप्रदायिकता—मानवता का शत्रु सांप्रदायिकता—उपसंहार)

**4.** अपने क्षेत्र में बच्चों के लिए एक पार्क विकसित करने के लिए नगर निगम अधिकारी को एक पत्र लिखिए। 5

**अथवा**

डाकिया की अनियमितता और लापरवाही की शिकायत करते हुए अपने क्षेत्र के डाकपाल को एक पत्र लिखिए।

**5.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 1×5=5

(क) जनसंचार किसे कहते हैं?

(ख) संपादक का मुख्य काम क्या होता है?





(ग) हिन्दी के किन्हीं दो समाचार-पत्रों के नाम लिखिए।

(घ) रेडियो किस प्रकार का जनसंचार माध्यम (दृश्य या श्रव्य) है?

(ङ) प्रिंट माध्यम क्या है?

**6.** किसी एक पथ दुर्घटना पर एक फ़ीचर प्रस्तुत कीजिए। 5

**अथवा**

पुस्तक-मेले की उपयोगिता पर एक आलेख प्रस्तुत कीजिए।

## खण्ड—ग

**7.** निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 8

मेरे तो गिरधर गोपाल, दूसरो न कोई
जा के सिर मोर-मुकुट, मेरो पति सोई
छाँड़ि दयी कुल की कानि, कहा करिहै कोई?
संतन ढिग बैठि-बैठि, लोक-लाज खोयी
अँसुवन जल सींचि-सींचि, प्रेम-बेलि बोयी
अब त बेलि फैलि गयी, आणंद-फल होयी।

**प्रश्न :**

(क) मीरा कृष्ण की उपासना किस रूप में करती है? 2

(ख) मीरा ने समाज को क्या चुनौती दी है? 2

(ग) "अँसुवन जल सींचि-सींचि, प्रेम-बेलि बोयी" से क्या आशय है? 2

(घ) "संतन ढिग बैठि-बैठि लोक-लाज खोयी" का संदर्भ बताइए। 2



[ *Contd.*

अथवा

हे भूख! मत मचल
प्यास, तड़प मत
हे नींद! मत सता
क्रोध, मचा मत उथल-पुथल
हे मोह! पाश अपने ढील
लोभ, मत ललचा
हे मद! मत कर मदहोश
ईर्ष्या, जला मत
ओ चराचर! मत चूक अवसर
आई हूँ संदेश लेकर चन्नमल्लिकार्जुन का।

प्रश्न :

(क) कवयित्री किस-किस पर काबू पाना चाहती हैं और क्यों? 2

(ख) अक्क महादेवी ने भूख और प्यास से क्या आग्रह किया है? 2

(ग) कवयित्री ने क़ौन-सा अवसर न चूकने को कहा है? 2

(घ) प्रस्तुत पंक्ति के द्वारा कवयित्री ने मनुष्य को क्या संदेश दिया है? 2

**8.** निम्नलिखित में से किसी एक काव्यांश को पढ़कर उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 6

(क) कपट के शोर में
सही होते हुए भी दब जाना-बुरा तो है
किसी जुगनू की लौ में पढ़ना-बुरा तो है
मुट्ठियाँ भींचकर बस वक्त निकाल लेना-बुरा तो है
सबसे खतरनाक नहीं होता।

प्रश्न :

(i) 'कपट के शोर' से कवि का क्या आशय है? 2

(ii) प्रस्तुत कविता के कवि का नाम और शीर्षक बताइए। 2

(iii) "सही होते हुए भी दब जाना" क्यों बुरा है? 2





(ख) अपनी बस्तियों को
नंगी होने से
शहर की आबो-हवा से बचाएँ उसे
बचाएँ डूबने से
पूरी की पूरी बस्ती को
हड़िया में।

प्रश्न :

(i) कवयित्री किन बस्तियों को नग्न होने से बचाना चाहती हैं और क्यों? 2

(ii) कवयित्री निर्मला पुतुल संथाल संस्कृति को किसके प्रभाव से बचाना चाहती हैं? 2

(iii) निर्मला पुतुल ने संथालों का आह्वान किसलिए किया है? 2

(ग) निकल रहा है जलनिधि-तल पर दिनकर-बिंब अधूरा।
कमला के कंचन-मंदिर का मानो कांत कँगूरा।
लाने को निज पुण्य-भूमि पर लक्ष्मी की असवारी।
रत्नाकर ने निर्मित कर दी स्वर्ण-सड़क अति प्यारी।।

प्रश्न :

(i) प्रस्तुत काव्यांश के कवि और कविता का नाम बताइए। 2

(ii) सूर्योदय को देखकर कवि के मन में कौन-सी कल्पना आती है? 2

(iii) समुद्र-तल पर सूर्य की किरणें कैसी प्रतीत होती हैं? 2

**9.** निम्नलिखित में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 3×2=6

(क) जैसे बाढ़ी काष्ट ही काटै अगिनि न काटै कोई।
सब घटि अंतरि तूँही व्यापक धरै सरूपै सोई।।

—प्रस्तुत दोहे का भाव-सौन्दर्य स्पष्ट कीजिए।



[ *Contd.*

(ख) हे सजीले हरे सावन,
हे कि मेरे पुण्य पावन,
तुम बरस लो वे न बरसें,
पाँचवें को वे न तरसें,
—प्रस्तुत काव्यांश के जरिए कवि क्या कहना चाहते हैं?

(ग) चंपा कहती है :
तुम कागद ही गोदा करते हो दिन भर
—आशय स्पष्ट कीजिए।

(घ) तेरा निज़ाम है सिल दे ज़ुबान शायर की,
ये एहतियात ज़रूरी है इस बहर के लिए।
—आशय स्पष्ट कीजिए।

**10.** निम्नलिखित गद्यांशों में से किसी एक को पढ़कर उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 8

(क) बिछड़न-समय बड़ा करुणोत्पादक होता है। आपको बिछड़ते देखकर आज हृदय में बड़ा दुख है। माइ लॉर्ड! आपके दूसरी बार इस देश में आने से भारतवासी किसी प्रकार प्रसन्न न थे। वे यही चाहते थे कि आप फिर न आवें। पर आप आए और उससे यहाँ के लोग बहुत ही दुखित हुए। वे दिन-रात यही मनाते थे कि जल्द श्रीमान् यहाँ से पधारें। पर अहो! आज आपके जाने पर हर्ष की जगह विषाद होता है। इसी से जाना कि बिछड़न-समय बड़ा करुणोत्पादक होता है, बड़ा पवित्र, बड़ा निर्मल और बड़ा कोमल होता है। वैर-भाव छूटकर शांत रस का आविर्भाव उस समय होता है।

प्रश्न :

*(i)* 'बिछड़न-समय' से क्या आशय है? वह करुणादायक क्यों होता है? 2





*(ii)* भारतवासी किस बात को लेकर अप्रसन्न थे? वे दिन-रात क्या सोच रहे थे? 2

*(iii)* वैर-भाव छूटकर शांत रस का आविर्भाव कब होता है? 2

*(iv)* निबंध तथा लेखक का नाम लिखिए। 2

(ख) वकीलों ने यह फैसला सुना और उछल पड़े। पंडित अलोपीदीन मुसकुराते हुए बाहर निकले। स्वजन-बांधवों ने रुपयों की लूट की। उदारता का सागर उमड़ पड़ा। उसकी लहरों ने अदालत की नींव तक हिला दी। जब वंशीधर बाहर निकले तो चारों ओर से उनके ऊपर व्यंग्यबाणों की वर्षा होने लगी। चपरासियों ने झुक-झुककर सलाम किए। किन्तु इस समय एक-एक कटुवाक्य, एक-एक संकेत उनकी गर्वाग्नि को प्रज्वलित कर रहा था। कदाचित् इस मुकदमें में सफल होकर वह इस तरह अकड़ते हुए न चलते। आज उन्हें संसार का एक खेदजनक विचित्र अनुभव हुआ। न्याय और विद्वता, लंबी-चौड़ी उपाधियाँ, बड़ी-बड़ी दाढ़ियाँ और ढीले चोंगे एक भी सच्चे आदर के पात्र नहीं हैं।

प्रश्न :

*(i)* वकील कौन-सा फैसला सुनकर उछल पड़े और क्यों? 2

*(ii)* अदालत से छूटने पर अलोपीदीन ने क्या किया? 2

*(iii)* "उसकी लहरों ने अदालत की नींव तक हिला दी।" इस कथन का आशय स्पष्ट कीजिए। 2

*(iv)* वंशीधर को अदालत में किस प्रकार का अनुभव हुआ? 2



[ *Contd.*

**11.** निम्नलिखित में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 3×4=12

(क) बादशाह के नाम का प्रसंग आते ही लेखिका की बातों में मियाँ नसीरुद्दीन की दिलचस्पी क्यों खत्म हो गई?

(ख) 'पथेर पांचाली' फिल्म की शूटिंग का काम ढाई साल तक क्यों चला?

(ग) धनराम को मोहन के किस व्यवहार पर आश्चर्य होता है और क्यों?

(घ) स्पीति के लोगों को जीवन-यापन के लिए किन-किन कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है?

(ङ) दबा हुआ आदमी एक कवि है, यह बात कैसे पता चली और इस जानकारी का फाइल की यात्रा पर क्या असर पड़ा?

(च) भारत माता के बारे में नेहरू जी की क्या अवधारणा थी?

(छ) 'रजनी' शीर्षक एकांकी से आपको क्या प्रेरणा मिलती है?

## खण्ड—घ

### [ पूरक पुस्तक (वितान : भाग–1) ]

**12.** निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 2×2=4

(क) कुमार गंधर्व ने लता मंगेशकर के गायन की किस कमी की ओर संकेत किया है?

(ख) कुंई के पानी को साफ और सुरक्षित रखने के लिए क्या किया जाता है?

(ग) तातुश ने लेखिका को बच्चों के संबंध में क्या सुझाव दिया?

**13.** निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 3×2=6

(क) "लता ने करुण रस के गानों के साथ न्याय नहीं किया है, जबकि शृंगारपरक गाने वे बड़ी उत्कटता से गाती हैं।" इस कथन से आप कहाँ तक सहमत हैं?





(ख) राजस्थान में खड़िया पत्थर की पट्टी किस क्षेत्र में है? इसकी क्या उपयोगिता है?

(ग) "मेरा इतना सुख अभी तक कहाँ था" से लेखिका का क्या आशय है?

**14.** लता मंगेशकर के गायन की किन्हीं पाँच विशेषताओं का उल्लेख कीजिए। 5

**अथवा**

कुंई का मुँह छोटा रखने के क्या-क्या कारण हैं? पठित पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

**अथवा**

बेबी हालदार को लेखन-कार्य के लिए किन-किन लोगों ने उत्साहित किया था?

***